Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to include names of people found eligible in Socio-Economic Caste Census, 2011 in Balaghat Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh in official records.

**श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट):** भारत सरकार द्वारा सन 2011 में सामाजिक-आर्थिक एवं जातिगत आधार पर पूरे देश में सर्वे कराया गया था। जिसके आधार पर भारत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास तथा उज्जवला गैस योजना संचालित हो रही है। किंतु जिला प्रशासन द्वारा ठीक ढ़ग से सर्वे नहीं किए जाने के कारण अनेक ग्राम पंचायतों के हिताग्रहियों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिन लोगों का नाम सर्वे सूची में शामिल हो चुका है उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। किंतु मध्य प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बालाघाट-सिवनी जिले की ग्राम पंचायतों तिरोड़ी, सीताखोह पिपरिया विकास खंड कटंगी तथा अन्य विकास खंड की ग्राम पंचायतों का 2011 में सर्वे हो चुका है किंतु प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से कम्पयूटर में डाटा एंट्री नहीं होने के कारण इन ग्राम पंचायतों के हिताग्रहियों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे लोगों में तीव्र रोष है।

अत: मैं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि तत्काल इसकी जाँच करवाकर दोषी अधिकारियों को दंडित कर सर्वे सूची से वंचित ग्राम पंचायतों को शामिल करें जिससे इन योजनाओं की पात्रता रखने वाले परिवारों को लाभ मिल सके।